शिविर में रक्तदान कर मानव सेवा का दिया संदेश

गंगापुर सिटी, (निसं)। भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एवं भारतीय जैन मिलन के संयुक्त तत्वावधान में वर्धमान हॉस्पिटल में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 72 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

हालांकि, 42 महिला-पुरुष हीमोग्लोबिन की कमी, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान नहीं कर सके। कई महिलाएं भी उत्साह के साथ पहुंची थीं, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा। शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग रक्तदान के लिए पहुंचे। यह शिविर महावीर प्रसाद नेताजी और कमला देवी की पुण्य स्मृति में लगाया गया था। शिविर का उद्घाटन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र जैन पांड्या एवं मृदुला जैन पांड्या ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी, शकुंतला बिदांयका, भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, पूर्व सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रवीण जैन गंगवाल, रितेश पल्लीवाल, विजय गोयल सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर संयोजक डॉ. मनोज जैन एवं विमल जैन गोधा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में रमेश जैन, प्रवीण जैन, योगेंद्र जैन, दीपेंद्र पाटनी, मोनिका जैन, निलेश जैन, मंगल जैन, राजेश जैन, विकास पांड्या सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

इसी दिन भगवान महावीर जयंती पर वर्धमान हॉस्पिटल में मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज की प्रेरणा से भावना योग केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। यह हॉस्पिटल की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुआ। मुख्य अतिथि सुरेंद्र जैन पांड्या ने बताया कि भावना योग भारतीय संस्कृति के भाव और आधुनिक मनोविज्ञान के श्लॉ ऑफ अट्रैक्शनश का समन्वय है। उन्होंने आगे कहा कि यह योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता लाकर मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। डॉ. मनोज जैन ने जानकारी दी कि भावना योग मुनि प्रमाण सागर द्वारा प्रवर्तित एक आध्यात्मिक व मनोवैज्ञानिक साधना है, जो भावनाओं के माध्यम से मन को शुद्ध कर जीवन को अनुशासित बनाती है।

राष्ट्रीय कन्वेयर प्रकाशचंद जैन पाटनी ने कहा कि योग के जरिए बिना दवाइयों के भी स्वास्थ्य लाभ संभव है। जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि व्यक्ति की जैसी भावना होती है, वैसा ही उसका जीवन बनता है। योग नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मक सोच विकसित करता है। निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने अस्पताल प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि अब मरीजों को उपचार के साथ योग का भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व मंगलाचरण से हुई। अतिथियों ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया और मौजूद लोगों ने भावना योग का अभ्यास भी किया।

प्रशिक्षण संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम डूंगरी वाले बालाजी धाम परिसर में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनीता वैष्णव ने की। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं से महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, सोशल मीडिया, आईटी व सरल सिस्टम, बूथ प्रबंधन और श्हमारी कार्य पद्धतिश शामिल थे। अंतिम सत्र में संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और सेवा भाव को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक ऐसी नीतियां रहीं, जिनसे देश की आत्मनिर्भरता प्रभावित हुई। उन्होंने बताया कि जनसंघ से शुरू हुई यात्रा आज भाजपा को 303 सांसदों तक पहुंचा चुकी है, जो कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

व्यापार महासंघ के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक सम्पन्न

- बैठक में मुख्य विषय शहर में विकास व सडक चौडीकरण के नाम पर व्यापारियों के साथ हो रहे कुठाराघात को लेकर चर्चा हुई
- प्रशासन की ढुलमुल रवैये के कारण व्यापारी आन्दोलन को मजबूर

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने बताया कि मीटिंग में मुख्य विषय शहर में विकास व सडक चौडीकरण के नाम पर व्यापारियों के साथ हो रहे कुठाराघात को लेकर चर्चा हुई। मीटिंग में उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र गोयल ने कहा कि कहा कि व्यापारी विकास की राह पर चलना चाहता है पर अपना सर्वनाश करवाकर नहीं।

सरकार को चाहिये कि जहां आवश्यकता है और जितना जरूरी हो, उतना ही सडक चौडीकरण किया जावे। जिला कोषाध्यक्ष जय प्रकाश बजाज द्वारा कहा कि सरकार को चाहिये कि भूमि अधिठाहण की कार्यवाही पहले करें और जिनकी भूमि अधिठाहण की जाये उनको समय समय पर विभिन्न न्यायालयों द्वारा पारित निर्णयों के अनुसार गणना करके भुगतान किया जावे तदोपरांत सडक चौडीकरण के नाम स्वामित्वधारी लोगों की भूमि अधिठाहण की जावे।

मीटिंग में विशेष आमंत्रित सदस्य इन्द्रजीत भारद्वाज ने कहा कि जिन सडकों को चोडा किया जाना है उन सडकों के राजस्व रिकार्ड पूर्व एवं वर्तमान तक परीक्षण करने के उपरांत सडक के मध्य बिन्दु से दोनों ओर सडक की चौडीकरण का कार्य निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिये। गुप्ता ने बताया कि पूर्व में प्रशासन के साथ महासंघ 16 मार्च 2026 को मीटिंग कर चुका है जिसमें 2-3 दिन का समय मांगा गया था और आश्वस्त किया गया था कि वार्ता के लिए बुलाया जावेगा। आज 14 दिन गुजर जाने के प्श्चात भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से वार्ता के लिए न तो बुलाया गया है और न ही सूचित किया गया है। अतः मजबूरन अब महांसघ को आन्दोलनात्मक रूख अपनाना पड रहा है। जिसके अंतर्गत संघर्ष समिति की देखरेख में एक विशाल जनसभा की जावेगी जिसमें भरतपुर क्षेत्र के समस्त एवं तोडफोड एवं यू.डी. टैक्स से पीडित आमजन व व्यापारियों को सम्मिलित होने के लिए 6 अप्रेल 2026 को एकत्रित किया जावेगा और कुम्हेर गेट से मुख्य बाजारों से होते हुए कलैक्ट्रेट तक काले झण्डों के साथ प्रशासन की राठौडी के विरोध में गांधी वादी तरीके से जुलूस निकाला जावेगा और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागीय आयुक्त या जिला कलक्टर को सौंपा जायेगा। मीटिंग में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सह महामंत्री अंजुम सिंघल, जिला प्रवक्ता प्रदीप शर्मा, मंत्री वीरेन्द्र पाराशर, विष्णु जैन, यज्ञदत्त शर्मा, मोहन सिंघल, निरंजन मित्तल, मनीष मेहरा, गिरीश सर्राफ, योगेश व्यास, संजय बंसल, संजय गर्ग, विनोद पारीक, मुकेश अग्रवाल, इन्दूशेखर शर्मा, इत्यादि व्यापारी शामिल थे।

प्रतियोगिता आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। जैन स्थानक भवन, नई मंडी में श्री जैन रत्न युवती मंडल के तत्वावधान में मुझे महावीर क्यों बनना है विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं नाट्यय प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर आयोजित किया गया। नाट्यय प्रस्तुति में बच्चों ने भगवान महावीर के व्यक्तित्व से जुड़े सहनशीलता, अहिंसा एवं समता जैसे जीवन मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

मंडल की अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि प्रतियोगिता दो आयु वर्गों- 5 से 9 वर्ष एवं 10 से 14 वर्ष-में आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित सार्वभौमिक जीवन मूल्यों को अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया।

10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में दिव्यांशी जैन प्रथम, दृष्टि जैन द्वितीय व भव्य जैन तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 5 से 9 वर्ष आयु वर्ग में हर्षिता प्रथम, समृद्धि द्वितीय व सानिध्य तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में धर्मचंद जैन, अजय कुमार जैन एवं कपिल जैन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रितेश जैन द्वारा किया गया।

कुशाल लेक का 1 करोड़ 60 लाख में होगा सौंदर्यीकरण

- पर्यटन विकास के साथ खुलेंगे रोजगार और सुविधाओं के नए अवसर

गंगापुर सिटी, (निसं)। कुशाल लेक के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड़ 60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना से झील क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे, जिससे यह लंबे समय से लंबित प्रोजेक्ट अब गति पकड़ेगा। यह योजना क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के साथ गंगापुर सिटी को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी। योजना के तहत रसोई, स्टोर, पेंट्री हाउस और यात्री शेड के संरक्षण पर 50 लाख रुपए खर्च होंगे।

झील किनारे फुटपाथ और रेलिंग निर्माण के लिए 25 लाख रुपए और प्रवेश व निकास द्वार के निर्माण पर भी 25 लाख रुपए निर्धारित किए गए हैं। भूनिर्माण और बाहरी विकास कार्यों, जिसमें दीवार प्लास्टर, पेंट, बैठने की बेंच और छतरियों के लिए 50 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। सोलर लाइट और इलेक्ट्रिकल पैनल सहित बाहरी विद्युत कार्यों पर 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम चरण के तहत 80 लाख रुपए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को जारी किए जा चुके हैं। इससे कार्य प्रारंभ होने की प्रक्रिया में तेजी आई है। लंबे समय से उपेक्षित रही कुशाल लेक के विकास के लिए पर्यटन विभाग द्वारा बजट स्वीकृति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह परियोजना लेक क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ आधारभूत सुविधाओं के विकास, पर्यटकों के लिए आकर्षक स्थल तैयार करने और पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी शामिल करती है। कुशाल लेक को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से अब यह योजना मूर्त रूप ले रही है। पूर्व विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर इस परियोजना के लिए लंबे समय से प्रयासरत रहे हैं। उनके प्रयासों के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी दो बार इस स्थल का अवलोकन किया था। इस परियोजना पर अब तक लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, और नई स्वीकृति से शेष कार्य पूरे होने की उम्मीद है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व के बावजूद उपेक्षा के कारण कुशाल लेक अपनी पहचान खोता जा रहा था।

बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय) की जिला स्तरीय बैठक रविवार को आयोजित की गई। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी सदस्यता अभियान और शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले की छह उपशाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, महिला मंत्री, महिला संगठन मंत्री, उपाध्यक्ष सहित संपूर्ण जिला कार्यकारिणी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत और परिचय सत्र आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने संगठन की संरचना और कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि जिला संगठन मंत्री बजरंग लाल गुर्जर ने खंड स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रदेश पर्यवेक्षक निधि छीपा ने संगठन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को अनुशासन के साथ संगठन की नीति अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगामी 15 से 25 अप्रैल तक चलने वाले सदस्यता अभियान को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उपशाखा पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को उठाया, जिनके समाधान पर भी गहन मंथन किया गया।

होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया

भुसावरी/भरतपुर, (निसं)। भुसावरी अग्र परिवार का तृतीय होली एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से गायत्री रिसोर्ट में किया गया। जिसमें भुसावर के अग्रवाल परिवार जो भरतपुर में निवास करते है, के करीब 200 परिवारों के 500 पुरूष, महिला एवं बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग पूर्व मंत्री एवं विधायक भरतपुर थे।

समारोह की अध्यक्षता भुसावरी अग्रपरिवार के संरक्षक हरिमोहन मित्तल ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संजीव गुप्ता अध्यक्ष जिला व्यापार महासंघ, अनुराग गर्ग वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, हेमराज गोयल पूर्व जिलामंत्री अग्रवाल महासभा भरतपुर, विनोद गुप्ता शहर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल थे। सर्वप्रथममुख्य अतिथि सुभाष गर्ग, संजीव गुप्ता, विनोद गुप्ता, हरिमोहन मित्तल आदि ने महाराजा अठासेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया साथ ही महाराजा अग्रसेन जी की महाआरती की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग एवं अन्य अतिथियों का स्वागत फूलमाला, पटका, मोतीमाला आदि से सत्यव्रत आर्य, हरिमोहन मित्तल, अनिल सिंघल, सतीश मित्तल, वीरेन्द्र कुमार आदि ने किया।

भुसावरी अग्र परिवार के होली मिलन समारोह में पुरूषों एवं महिलाओं ने होली के रसिया पर सामूहिक नृत्य किया तथा एक-दूसरे पर फूलों की बरसात कर होली का त्योंहार मनाया। भुसावरी अग्र परिवार के सभी सदस्यों का टीका एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। प्रतिवर्ष की भाँति इस समारोह में भुसावरी अग्र परिवार के अस्सी वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन देवेन्द्र नाथ गुप्ता एडवोकेट, हरिचरन लाल दलाल, रामदयाल कपड़े वाले एवं प्रकाश चन्द मित्तल का शॉल उड़ाकर, पटका पहनाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग ने अपने उद्बोधन में भुसावरी अठा परिवार के द्वारा किये गए वैवाहिक परिचय सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज समाज में शादी के बाद बहुत अधिक मतभेद होने पर विवाह विच्छेद की स्थिति काफी दिखाई दे रही है इस समस्या के निराकरण के लिए भी विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ-साथ भुसावरी अग्र परिवार को भी प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, अनुराग गर्ग एवं हेमराज गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्था के महामंत्री सुधीर मित्तल ने विगत एक साल के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि संस्था में एक अठारह सदस्य कोर कमेटी बनी हुई है जो बिना किसी पद पर रहकर सभी कार्यक्रमों का आयोजन कर दिया। भुसावर से आये अरविन्द मित्तल ने भुसावरी अग्र परिवार के उक्त प्रयासों एवं कार्यक्रमों की प्रशंसा की। इस अवसर पर म्यूजिकल ग्रुप द्वारा होली के रसिया एवं गीतों पर समा बाँध दिया। इस अवसर पर कुसुम गुप्ता को महिला अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य अवार्ड प्राप्त करने पर एवं वीरेन्द्र बिंदल को अध्यक्ष थोक अध्यक्ष व्यवसायी संघ भरतपुर बनने पर डॉ. सुभाष गर्ग एवं संजीव गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही भुसावरी अग्र परिवार के सदस्य मुकेश सिंघल जिलामंत्री अग्रवाल महासभा का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा दस लकी ड्रॉ का प्रावधान रखा गया जिसमें दस विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

कार्यक्रम में संयोजक सत्यव्रत आर्य, सुधीर मित्तल, विकास मित्तल, सुरेन्द्र सिंघल, सतीश मित्तल, विशन गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, सुरेन्द्र सिंघल, आर.एस. गुप्ता, मोहन लाल सिंघल, प्रेमचन्द गोयल, प्रदीप आर्य, ओमप्रकाश गुप्ता, महेश गुप्ता आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने विगत वर्ष में संस्था के द्वारा की गई गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुभाष गर्ग को संस्था द्वारा शॉल उड़ाकर संस्था का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। संस्था की कोर कमेटी के सदस्य सत्यव्रत आर्य ने सभी उपस्थित भुसावर अठा परिवार के सदस्यों का आगमन के लिये धन्यवाद प्रेषित किया।

अपना घर आश्रम में मोबाइल आई यूनिट में 6000 से अधिक जांचे

- अपना घर आश्रम में मोबाइल आई यूनिट का सराहनीय अभियान

भरतपुर, (निसं)। अपना घर आश्रम, भरतपुर में एकल अभियान आरोग्य फाउण्डेशन ऑफ इंडिया (राजस्थान) के तत्वावधान में संचालित मोबाइल आई यूनिट द्वारा विगत चार माह से निरंतर नेत्र परीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।

यह मोबाइल आई यूनिट 27 नवम्बर 2025 को आश्रम में पहुंची थी, जिसका उद्देश्य आश्रम में निवासरत प्रत्येक प्रभुजन का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार चश्मा उपलब्ध कराना तथा मोतियाबिंद जैसे रोगों की पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना है। आश्रम में निवासरत लगभग 6700 प्रभुजनों में से अब तक लगभग 6000 प्रभुजनों का नेत्र परीक्षण किया जा चुका है। परीक्षण के दौरान लगभग 200 प्रभुजनों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है, जिनका ऑपरेशन रामकटोरी हॉस्पिटल, भरतपुर में समूह बनाकर निःशुल्क कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में प्रभुजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार चश्मे भी उपलब्ध कराए गए हैं।

ल्लेखनीय है कि आश्रम में निवासरत आधे से अधिक प्रभुजन ऐसे हैं, जो अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्या स्वयं व्यक्त करने में असमर्थ हैं। ऐसे में चिकित्सा दल द्वारा परीक्षण के उपरांत ही उनकी वास्तविक स्थिति का पता चल पाता है।

कई बार सेवा साथियों को तब जानकारी होती है जब संबंधित प्रभुजन की दृष्टि अत्यधिक कमजोर हो जाती है या लगभग समाप्त होने की स्थिति में पहुँच जाती है, जिससे उपचार अधिक जटिल हो जाता है। यद्यिप आश्रम में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पद्मेश शर्मा जी द्वारा नियमित साप्ताहिक सेवाएं प्रदान की जाती रही हैं तथा समय-समय पर अन्य चिकित्सीय टीमों द्वारा भी सहयोग मिलता रहा है, किन्तु इतनी बड़ी संख्या में सभी प्रभुजनों का नियमित परीक्षण कर पाना संभव नहीं हो पाता। परिणामस्वरूप, कुछ प्रभुजन परीक्षण से वंचित रह जाते हैं और उनकी समस्या गंभीर अवस्था में पहुँचने के बाद ही सामने आ पाती है। ऐसी परिस्थितियों में मोबाइल आई यूनिट द्वारा प्रतिदिन औसतन 50 से 60 प्रभुजनों का परीक्षण किया जाना एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास है। यह यूनिट अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिसके माध्यम से आश्रम में निवासरत प्रभुजनों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों की विस्तृत नेत्र जांच की गई।

अपना घर परिवार इस सेवा कार्य हेतु एकल अभियान आरोग्य फाउण्डेशन ऑफ इंडिया, सहयोगी संस्थाओं एवं समस्त चिकित्सा दल का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन करता है।

श्याम के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

गंगापुर सिटी, (निसं)। नहर रोड स्थित कुशालगढ़ के बाबा श्याम मंदिर और कल्याणजी मंदिर में रविवार को कामदा एकादशी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य और अलौकिक शृंगार किया गया, जबकि कल्याणजी मंदिर में भी बाबा की आकर्षक झांकी सजाई गई।

सुबह से ही हजारों श्यामप्रेमी और श्रद्धालु दर्शनों के लिए उमड़ पड़े, जिससे दिनभर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। एकादशी पर्व के चलते मंदिरों में सुबह पहले साफ-सफाई की गई। इसके बाद बाबा श्याम और श्री कल्याणजी महाराज का फूलों से आकर्षक शृंगार किया गया। कुशालगढ़ मंदिर में बाबा श्याम को केवड़ा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूलों से सजाया गया। बाबा श्याम के लिए नई पोशाक भी तैयार की गई। मंदिरों में सुबह 4 बजे से ही श्याम प्रेमियों का आना शुरू हो गया था। दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे मंदिर परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। श्याम सेवा धाम समिति की ओर से बाबा श्याम का भव्य शृंगार किया गया और श्याम प्रेमियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम और श्री कल्याणजी महाराज के दर्शनों के साथ-साथ छप्पन भोग की झांकी के भी दर्शन किए। शाम को बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना और आरती हुई, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। भक्तों ने परिवार में खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की।

बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार की ब्लॉक कार्यकारिणी की एसबीएम स्कूल, सालौदा मोड़ पर हुई। इस बैठक में सवाई माधोपुर जिले के बौंली विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित जिला अधिवेशन की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष नीटू सिंह धावाई ने की। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में अधिवेशन में भाग लेकर संगठन की एकजुटता प्रदर्शित करने का आव्हान किया।

चुनाव सम्पन्न

हिण्डौन सिटी, (निसं)। भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी के वार्षिक चुनाव सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुए। शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव प्रक्रिया प्रांत से पधारे चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं उनके सहयोगी लक्ष्मण कुमार गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता, सचिव दीनदयाल सिंघल एवं कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा सहित सभी सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

Government of Rajasthan

Principal, Devnarayan Govt. Girls Residential School, alapuri raseri, Bayana bharatpur
Email- dggrs.alapuri.btp@rajasthan.gov.in mob. No. 8058768484

कमांकः-देव/राबाआवि/अलापुरी/2025-26/ दिनांकः-

NIT - 03/2025-26 (NIB :-SOC2526A0452)

Bids for Job basis Work (Rs. 20.00 Lac) are invited from interested bidders upto date 08-04-2026 Time 2:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website.

Principal
D.G.G.R.School
Alapuri Raseri Bayana Bharatpur

UBN No. :-SOC2526SLOB00485

वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक

भरतपुर, (निसं)। मंदिर श्रीनाथ जी महाराज पुरोहित मौहल्ला में स्थित पर वेद मंत्रोच्चार द्वारा शिव परिवार एवं ठाकुर श्रीनाथ जी महाराज का पंचामृत अभिषेक कराया गया। वरिष्ठ समाजसेवी मोहन मित्तल ने बताया कि भकरतपुर शहर केक मध्य स्थित पुरोहित मौक्हल्ला में श्रीनाथ जी महाराज का नवनिर्मित मंदिर बना है जिसमें श्रीनाथ जी के अलावा मां दुर्गा, दाउजी महाराज, रेवती मईया, शिवालय एवं हनुमानजी के अत्यन्त सोम्य एवं भव्य श्रीविठाह प्रतिष्ठित है। मंदिर व्यवस्थापक लांगुरमल बजाज एवं रोहित राजपूत ने बताया कि आज प्रातः 9 बजे विशेष पूजा अर्चना पं. प्रेमी शर्मा, पं. गौरव शर्मा, पं. कन्हैया शर्मा आदि ने विधिविधान से मंदिर श्री ओंकारेश्वर महादेव के संरक्षक गोपीलाल अठावाल, अध्यक्ष महेश गोयल सर्राफ, अपनाघर आश्रम के राष्ट्रीय सचिव विनोद सिंघल, रामलीला समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, समाजसेवी मुरारी लाल चौधरी एवं रामविहारीशर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुई, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं द्वाराशिव परिवार का रूद्रअभिषेक दिव्य वअलौकिक पूजा अर्चना कर वेलपत्र, रोरी, चंदन,इत्र लगाकर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी मोहन मित्तल, भगवानदास बंसल, वीरेन्द्र अठावाल, दीनदयाल कोठारी, हरी किशन विसायती, विनय चौधरी आदि महिलाऐं एवं पुरूष भक्तगण मौजूद रहे।